शुक्रवार 11 अगस्त, 2023
डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज


बिजली विभाग के इंजीनियर रावण स्मार्ट मीटर है आतंक मीटर: पप्पू
2



### केंद्र सरकार के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर पीएम मोदी ने दिया जवाब- बोले

# विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव हमारे लिए शुभ

♦ संसद में बोले पीएम- कहते हैं कि भगवान बहुत दयालु है और भगवान की मर्जी होती है कि वो किसी न किसी माध्यम से अपनी इच्छा की पूर्ति करता है

**एजेंसी/नई दिल्ली**

मणिपुर हिंसा को लेकर विपक्ष द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ संसद में लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि कहते हैं कि भगवान बहुत दयालु है और भगवान की मर्जी होती है कि वो किसी न किसी माध्यम से अपनी इच्छा की पूर्ति करता है। मैं इसे भगवान का आशीर्वाद मानता हूं कि विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया। 2018 में भी यह ईश्वर का ही आदेश था, जब विपक्ष के मेरे साथी अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए थे। उस समय भी मैंने कहा था कि अविश्वास प्रस्ताव हमारी सरकार का फ्लोर टेस्ट नहीं है, बल्कि ये उन्हीं (विपक्ष) का फ्लोर टेस्ट है। हुआ भी यही। उन्होंने आगे कहा कि जब मतदान हुआ, तो विपक्ष के पास जितने वोट थे, उतने वोट भी वो जमा नहीं कर पाए थे। एक तरह से विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव हमारे लिए शुभ होता है।



### लोगों की भावना को गहरी ठेस पहुंची

मोदी ने कहा कि यहां सदन में मां भारती के बारे में जो कहा गया है, उसने हर भारतीय की भावना को गहरी ठेस पहुंचाई है। कहा पता नहीं क्यों कुछ लोगों को भारत की मां की मृत्यु की कामना करते देखा गया, इससे बड़ा दुख क्या होगा। ये लोग कभी लोकतंत्र की, कभी संविधान की हत्या की बात करते हैं।

### विपक्षी दल के दिमाग में सत्ता की भूख ही सवार है

पीएम मोदी ने कहा कि देश की जनता ने उन्हें जिस काम के लिए यहां भेजा है, उस जनता का भी विश्वासघात किया गया है। विपक्ष के कुछ दलों ने उनके आचरण और उनके व्यवहार से सिद्ध कर दिया है कि उनके लिए देश से बड़ा दल है। देश से पहले प्राथमिकता दल है। मैं समझता हूं कि आपको गरीब की भूख की चिंता नहीं है, सत्ता की भूख ही आपके दिमाग में सवार है। आपको देश के युवाओं के भविष्य की परवाह नहीं, अपने राजनीतिक भविष्य की चिंता है।

### कांग्रेस के पास न नीयत, न नीति और न विजन है

पीएम ने कहा कि कुछ ही वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी शीर्ष अर्थव्यवस्था बनने वाला है। जब हम आने वाले पांच साल में इसका दावा करते हैं तो जिम्मेदार विपक्ष क्या करता? सवाल पूछता कि कैसे करेंगे, आपका रोडमैप बताइए। लेकिन अब ये भी मुझे ही सिखाना पड़ रहा है। या वे सुझाव भी दे सकते थे। कांग्रेस की मानें तो सब अगर अपने आप हो जाना वाला है तो इसका मतलब है कि कांग्रेस के पास न नीयत, न नीति, न विजन, न वैश्विक अर्थव्यवस्था की समझ है।

### पीएम बोले... 2028 में जब विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाएगा, तब देश की अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर होगी

प्रधानमंत्री ने कहा कि 1990 में देश कंगाल होने की स्थिति में था। कांग्रेस के पिछले कार्यकाल में अर्थव्यवस्था 10, 11, 12 नंबर पर झूलती रही। लेकिन अब हमने शीर्ष-पांच में अपनी जगह बनाई। कांग्रेस के लोगों को लगता होगा कि ये जादू की छड़ी से हुआ है। मैं बताना चाहता हूं कि कठोर परिश्रम, निश्चित योजना और सुधारों, परिश्रम की पराकाष्ठा से हुआ है। 2028 में जब आप अविश्वास प्रस्ताव लाएंगे, तब देश की अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर होगी, यह हमारा विश्वास है। पीएम ने कहा कि कश्मीर दिन-रात जल रहा था, लेकिन कांग्रेस को कश्मीर के आम नागरिकों पर नहीं, हुर्रियत पर विश्वास करते थे।

भारत ने आतंकवाद पर सर्जिकल स्ट्राइक किया, एयर स्ट्राइक किया। इन्हें भारत की सेना पर भरोसा नहीं था, दुश्मन के दावों पर भरोसा था। दुनिया में कोई भारत पर अपशब्द कहे, तुरंत उसे पकड़ लेते हैं। ऐसी मैग्नेटिक पावर इनके पास है। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस अपने घमंड से इतनी चूर हो गई है कि उसे जमीन दिखाई तक नहीं देती। 61 वर्षों से तमिलनाडु के लोग कह रहे हैं कि कांग्रेस नो कॉन्फिडेंस। जनता ने कांग्रेस के प्रति बार-बार नो कॉन्फिडेंस घोषित किया है।'

### मणिपुर में निकट भविष्य में शांति का सूरज जरूर उगेगा

'अगर इन्होंने मणिपुर पर चर्चा की गृह मंत्री की बात पर सहमति दी होती तो विस्तृत चर्चा हो सकती थी। विस्तार से जब इन्होंने बात रखी तो पता चला कि ये लोग कैसा झूठ फैलाते हैं, कितना पाप फैला रखा है। मणिपुर पर अदालत का फैसला आया। अब अदालतों में क्या हो रहा है, ये हम जानते हैं। उसके पक्ष-विपक्ष में स्थिति बनी। कई परिवारों को मुश्किल हुई। महिलाओं के साथ गंभीर अपराध हुए। यह अपराध अक्षम्य है। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के लिए हम भरपूर प्रयास कर रहे हैं। जिस प्रकार से प्रयास चल रहे हैं, निकट भविष्य में शांति का सूरज जरूर उगेगा। मणिपुर फिर एक बार नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेगा। मैं मणिपुर के लोगों से भी आग्रहपूर्वक कहना चाहता हूं। वहां की माताओं, बहनों, बेटियों से कहना चाहता हूं- देश आपके साथ है। यह सदन आपके साथ है। हम सब मिलकर इस चुनौती का समाधान निकाल लिया, वहां शांति की स्थापना होगी। मणिपुर फिर विकास की राह पर तेज गति से आगे बढ़ेगा। प्रयासों में कोई कसर बाकी नहीं रहेगी।

## किसी पुरुष पर दुष्कर्म का झूठा आरोप उतना ही भयावह जितना महिला से दुष्कर्म : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी/नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि किसी पुरुष पर दुष्कर्म का झूठा आरोप उतना ही भयावह और पीड़ा देने वाला होता है, जितना किसी महिला के साथ दुष्कर्म। बेकसूर को झूठे मामलों में फंसाने से बचाया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में अदालत का कर्तव्य बनता है कि वह सावधानी और बारीकी से हर पहलू को देखे। जस्टिस बी. आर. गवई और जस्टिस जे. बी. पारदीवाला की बेंच ने मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि जब कोई आरोपी इस आधार पर प्राथमिकी रद्द करने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाता है तो ऐसी कार्यवाही स्पष्ट रूप से परेशान करने वाली है और ऐसी परिस्थितियों में अदालत का कर्तव्य बनता है कि वह प्राथमिकी को सावधानी से और थोड़ा और बारीकी से देखे।

पीठ ने कहा, 'इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि दुष्कर्म से पीड़िता को सबसे ज्यादा परेशानी और अपमान सहना पड़ता होता है, लेकिन साथ ही दुष्कर्म का झूठा आरोप आरोपी को भी उतना ही कष्ट, अपमान और नुकसान पहुंचा सकता है। किसी व्यक्ति को रेप के झूठे मामले में फंसाने से बचाए जाने की जरूरत है।

कोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता को यह सुनिश्चित करना होगा कि शिकायत में दिए गए बयान ऐसे हों कि कथित अपराध का ठोस मामला बन सके. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत का यह कर्तव्य है कि वह मामले के रिकॉर्ड से सामने आने वाली जानकारी के अलावा अन्य परिस्थितियों पर गौर करे और उचित तरीके से पूरे मामले को देखे और सावधानी से तथ्यों को समझने की कोशिश करे।

## द्रौपदी की बात करते हैं, भूल गए सदन में जयललिता की साड़ी खींची गई थी, नेता हंस रहे थे : सीतारमण

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए सरकार पर हमला करने वाले विपक्षी दलों को निशाने पर लिया। इसी क्रम में वित्त मंत्री ने तमिलनाडु विधानसभा में जयललिता की साड़ी खींचे जाने का जिक्र करते हुए डीएमके पर हमला बोला। दरअसल, डीएमके सांसद कनिमोझी ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदन में कहा था, जो लोग महाभारत को ध्यान से पढ़ते हैं, उन्हें पता होगा कि अंत में केवल द्रौपदी के अपराधियों को ही सजा नहीं मिली, बल्कि उस दौरान चुप रहने वालों को भी सजा मिली। जिस तरह वे (केंद्र) हाथरस, कठुआ, उन्नाव, बिलकिस बानो और पहलवानों के विरोध प्रदर्शन पर चुप थे, उसी तरह उन्हें भी सजा दी जाएगी।

इस पर निर्मला सीतारमण ने कहा, सदन में द्रौपदी की बात हुई, मैं इस पूरे सदन को 25 मार्च 1989 को तमिलनाडु विधानसभा में हुई एक घटना की याद दिलाना चाहती हूं। तब जयललिता सीएम नहीं बनी थीं। तमिलनाडु में विधानसभा में जयललिता की साड़ी खींची गई थी। वे नेता प्रतिपक्ष थीं। जब उनकी साड़ी उस पवित्र सदन में खींची गई, वहां बैठे सत्ताधारी डीएमके सदस्यों ने उनके साथ धक्का-मुक्की की और उन पर हंस रहे थे। क्या डीएमके जयललिता को भूल गई है? आपने उनकी साड़ी खींची, आपने उन्हें अपमानित किया।

## फ्लाइंग किस पर शिकायत करनेवाली स्मृति महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न पर चुप क्यों हैं : मोइत्रा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

फ्लाइंग किस विवाद पर गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी के सांसद पर हमारी पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न के आरोप लगे तब केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी कुछ नहीं बोलीं और अब फ्लाइंग किस की बात कर रही हैं।

बुधवार को स्मृति ईरानी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर गंभीर



आरोप लगाया कि संसद से जाते समय उन्होंने फ्लाइंग किस का इशारा किया, जबकि उस समय महिला सांसद भी बैठी थीं। इसके बाद कई महिला बीजेपी सांसदों ने राहुल के खिलाफ शिकायत भी दर्ज की।

महुआ मोइत्रा ने कहा, 'जब बीजेपी सांसद पर हमारी चैंपियन रेस्लर्स के साथ यौन उत्पीड़न के आरोप लगे तब केंद्रीय महिला एंव बाल विकास मंत्री ने कुछ नहीं कहा। अब वह फ्लाइंग किस की बात कर रही हैं। महिला पहलवानों ने बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। इस मामले में उनके खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल हो चुकी है।

## हरियाणा के नूह में हुई हिंसा मामले में 37 एफआईआर, 79 लोगों की गिरफ्तारी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

हरियाणा के नूह में हिंसा के बाद गुरुग्राम में भी कई जगह सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गई थी। गुरुग्राम पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए उन लोगों पर कार्यवाही की है। कुल 37 एफआईआर दर्ज की गई और पुलिस ने 79 लोगों को गिरफ्तार किया। साथ ही 80 लोगों को जमानत पर छोड़ा गया। गुरुग्राम पुलिस कमिश्नर कला रामचंद्रन ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में बताया कि नूंह हिंसा के बाद गुरुग्राम में अभी तक कुल 37 एफआईआर दर्ज की गई हैं। दर्ज मामलों में 79 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। सोहना समेत पटौदी और गुरुग्राम शहर के अंदर जो हिंसा घटनाएं हुई थी, उसमें यह सभी मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा गुरुग्राम पुलिस ने कुल 95 लोगों को हिरासत में लिया था, जिसमें से 80 लोगों को बेल पर छोड़ दिया गया है।



विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मै मकराय नमः शिवाय।।



सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल
लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर
मोबाईल नम्बर - 9122950441



! मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा
शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा,

जाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव ने बिजली व्यवस्था पर उठाए सवाल

# बिजली विभाग के इंजीनियर रावण स्मार्ट मीटर है आतंक मीटर: पप्पू

- बिजली को लेकर कटिहार के बारसोई में हुए गोलीकांड की सीआईडी जांच हो
- इस समय बिहार की सबसे बड़ी समस्या बिजली है, पंखा चले ना चले बल्ब जले ना चले फिर भी बिल आता है



**केटी न्यूज/पटना**

जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद पप्पू यादव ने कहा है कि बिजली को लेकर कटिहार के बारसोई में हुए गोलीकांड की सीआईडी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बारसोई गोलीकांड में 40 जनप्रतिनिधियों पर केस किया गया है। इन सभी को जानबूझकर फंसाया जा रहा है। हमारी मांग है कि सरकार जन प्रतिनिधियों पर से सभी मुकदमों को वापस ले और इलाके में समुचित बिजली की व्यवस्था करे। साथ ही उन्होंने कहा बारसोई कांड में एसडीओ और उसके बॉडीगार्ड की भूमिका की भी जांच हो।

जाप सुप्रीमो ने कहा है कि इस समय बिहार की सबसे बड़ी समस्या बिजली है। पंखा चले ना चले बल्ब जले ना चले फिर भी बिल आ जाता है। बिजली की कटौती के बाद भी बिजली बिल आ जाता है। एग्जीक्यूटिव इंजीनियर रावण हो चुके हैं। मीटर में कुछ खराबी होता है तो आकर मीटर निकाल कर लेकर चला जाता है और 25 हजार, 35 हजार, 40 हजार का बिजली बिल थमा देता है। अन्य जगहों पर 5 रुपया बिजली बिल का दर है। यहां 8 रुपया लिया जा रहा है।

पप्पू यादव ने कहा कि, वह सरकार से आग्रह करेंगे कम से कम किसान को तो छोड़िए आम आदमी को 24 घंटे में 16 घंटा 17 घंटा तो बिजली दे, और मूल्यांकन कीजिए बिजली बिल का। बिजली आम जनता पर बोझ नहीं पड़नी चाहिए। जिस व्यक्ति की आमदनी 6 हजार रुपया से कम है। उस व्यक्ति पर बिजली का बिल 6 हजार रुपया नहीं होनी चाहिए। जिसे हम अनाज पानी देकर जिंदा रखे हुए हैं। उन पर बिजली बोझ नहीं पड़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि, स्मार्ट मीटर आतंक मीटर है। इंजीनियर एसडीओ का गिद्ध दृष्टि है। फैक्ट्री से एग्जीक्यूटिव इंजीनियर पैसा लेकर बिजली नहीं कटता है। बड़े घरों की नेताओं के घर की बिजली नहीं कटती है। क्योंकि उससे उसका सेटिंग है लेकिन लोअर क्लास और मिडिल क्लास का वर्किंग क्लास का और गांव के लिए यह रावण बन चुका है। जहां छोटे-मोटे उद्योग हैं। वहां पैसा लेकर यह लोग उन्हें पूरा बिजली देता है।

### गरीबी रेखा से नीचे वालों से न लें बिल

पप्पू यादव ने कहा कि, सारे मुखिया संघ के अध्यक्ष लेकर सब पर केस कर दिया गया। यह सब को डराया जा रहा है। सब को धमकाया जा रहा है। बिजली के सवाल पर 12 तारीख को हम सरकार से पूरी जांच चाहते हैं। एसडीओ के बॉडीगार्ड ने गोली चलाई है हम सबकी जांच चाहते हैं। बिहार में जो गरीबी रेखा से नीचे है। उसे बिजली का बिल नहीं लिया जाए। जिसका पर कैपिटल इनकम 6 हजार से कम है। उससे बिजली का बिल नहीं लिया जाए। स्मार्ट मीटर को आतंक ना बनाया जाए।

### बिजली की मांग को लेकर होगा आंदोलन

पप्पू यादव ने एलान किया कि, 12 तारीख को बारसोई में जनसभा उसके बाद गवर्नर हाउस में आक्रोश मार्च निकाला जाएगा। बिजली की मांग को लेकर हम लोग पदयात्रा निकालेंगे। पहला फेज कोसी सीमांचल, दूसरा फेज मिथिलांचल और तीसरा फेज मगध होगा।

## महागठबंधन सरकार में बढ़ी हैं आपराधिक घटनाएं: सम्राट

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार पर बोला हमला

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान महागठबंधन सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने अपराध को लेकर कहा कि बिहार में कोई डीजीपी अभी नहीं है, डीजीपी आरएस भट्टी कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। डीजीपी बिहार छोड़कर भाग रहे हैं। डीजीपी को लगता है बिहार सरकार उनको काम नहीं करने देती. डीजीपी को लग रहा केंद्र में वह रहें वहीं ठीक होगा। महागठबंधन सरकार के एक साल हो गए। महागठबंधन सरकार की एक वर्ष होने पर यह बरसी है। आगे नीतीश कुमार को लेकर उन्होंने कहा कि उन्हें पीएम बनने का कीड़ा काट लिया है और भूलने की भी बीमारी है।

सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में लगातार अपराधिक घटनाएं हो रही हैं। आज 10 अगस्त है। पूरे बिहार में भारतीय जनता युवा मोर्चा महागठबंधन सरकार की वादाखिलाफी को लेकर धिक्कार मार्च निकाल रही है। सभी जिलों में डीएम को ज्ञापन सौंपा जा रहा है। 13 अगस्त को पटना में हम लोग राज्यपाल को ज्ञापन देंगे और बताएंगे कि कैसे वादाखिलाफी महागठबंधन सरकार ने की है। शिक्षक अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग की तो उन पर लाठी से पुलिस पिटाई की। कटिहार में बिजली मांगने पर प्रदर्शनकारियों को गोली मारी गई। बेगूसराय में दलित महिला को निवस्त्र कर पीटा गया, किसी पर कार्रवाई नहीं हुई।



### 60 हजार करोड़ का घोटाला हुआ है

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि खगड़िया में 1700 करोड़ की लागत से बन रहा पुल गिर गया। एक एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई। नीतीश राज में न विकास हो रहा न सुशासन है। नीतीश सीएम बनते ही शराब दुकान खुलवाते रहे। बिहार के लोगों को उन्होंने शराबी बनाया। बस नाम के लिए शराबबंदी की गई। गांव गांव में शराब बिक रहा। 60 हजार करोड़ का घोटाला हुआ। 10 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा महागठबंधन सरकार ने पूरा नहीं किया। नल जल योजना फेल है. कहीं पानी नहीं आ रहा है। नीतीश सरकार ने इसमें 34 हजार करोड़ का घोटाला किया है।

## एक नजर

### मंत्री श्रवण कुमार बोले... पढ़ाई से ज्यादा कठिन प्रतियोगिता राजनीति में है

**नालंदा।** नीतीश सरकार में जेडीयू कोटे से मंत्री श्रवण कुमार ने नालंदा में गुरुवार को कहा कि सबसे कठिन प्रतियोगिता राजनीतिक में है। हमारा कंपटीशन हर पांच साल पर होता है। यदि पांच साल के कंपटीशन में एक अंक भी कम आया तो हम बाहर हो जाते हैं। एक अंक ज्यादा लाने वाला ऊपर चला जाता है, इसलिए आज पढ़ाई से भी ज्यादा कंपटीशन राजनीति में है जो एमएलए और सांसद बनना चाहता है। दरअसल मंत्री श्रवण कुमार गुरुवार को बिहार शरीफ पहुंचे थे। बिहार शरीफ के टाउन हॉल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया. इसी कार्यक्रम में श्रवण कुमार पहुंचे थे। सबसे पहले मंत्री श्रवण कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। छात्र-छात्राओं और कार्यक्रम में आए लोगों को संबोधित करते हुए मंच से श्रवण कुमार ने कहा कि राजनीति में आप सोच लीजिए कि हर पांच साल में कंपटीशन है।

मेडिकल क्षेत्र में रोजगार का सुनहरा ऑफर
विश्वामित्र हॉस्पीटल
गोलम्बर बक्सर
रिक्त पद
(Vacancy)
Date of interview
10/08/2023 to 14/08/2023
✓ Reception-2 post
✓ Medical salesman-2post
✓ Manager-2post. qualification MBA
✓ Computer knowledge compulsory
✓ Lab technician-1post (Qualification-DMLT)
Note - Salary in 5 digit
DR. Rajiv Kumar Jha
Vishwamitra Hospital Golamber, Buxar
Director

सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी देशवासियों व कांवरियों को
एमआर टीसीएल कंस्ट्रक्शन की तरफ से हार्दिक बधाई



AMRTCL CONSTRUCTIONS
Your Trust & Our Services
A Revolutionary Initiative
- LLP Registration-MCA AAO-7219
- PAN-ABOFA5577F
- Professional Tax-192129691494
- GSTN-19ABOFA5577FIZZ
- MSME-UDYAM-WB-18-0011126
Towrds STARTUP
IN the feild of Environment-Agriculture - Power Projects With vision and ultimate aim to Create opportunity for unemployed youths
Moments and Accolades



Registered Address : 43, Adiganga Road, Kolkata, West Bengal-700070. | Email-amrtc19@gmail.com | Mobile No-+91 9836059400

## खबरें फटाफट

### टाटा सूमो की सीट के नीचे छिपाकर रखी 240 पीस शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**डुमरांव।** बुधवार की रात डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने गुप्त सूचना पर एक टाटा सूमो वैन के सीट के नीचे छिपाकर रखे गए 240 पीस फुटी पैक शराब को जब्त करने के साथ ही दो तस्करों को पकड़ लिया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान सिकरौल थाना क्षेत्र के कजिया गांव निवासी बिहारी राम के पुत्र नीतीश कुमार तथा पुराना भोजपुर के बीरेंद्र सिंह के पुत्र आशीष कुमार सिंह के रूप में हुई है। पुलिस पकड़े गये आरोपियों से कड़ी पूछताछ करने में जुटी है। बताया जाता है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि यूपी से शराब लेकर एक टाटा सूमो जिसका नंबर बीआर 1 पीए 2042 एनएच 120 सड़क से निकलने वाला है। सूचना मिलते ही एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस मुख्य सड़क पर जाल बिछा दी। कुछ देर में शराब से लदा वाहन आता दिखाई दिया। उस वाहन में बैठे चालक ने पुलिस को देखते ही वाहन की रफ्तार तेज कर दी। पुलिस ने पीछा कर वाहन को पकड़ा। एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ में कई अहम सुराग मिले हैं।

### ट्रेन की चपेट में आ महिला की मौत

**डुमरांव।** दानापुर-बक्सर रेलखंड के डुमरांव रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आकर एक वृद्ध महिला की मौत हो गयी। महिला की पहचान हथेलीपुर मठिया निवासी रामहुलास गोस्वामी की 70 वर्षीया पत्नी चांदमुनी देवी के रूप में की गयी। रेल पुलिस ने बताया कि मृतक महिला रेलवे ट्रैक को पार कर रही थी। इसी दौरान ट्रेन के आने से उसकी चपेट में आ गयी और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी।

## बक्सर व रोहतास में दर्ज हैं हत्या के सात मामले, पांच वर्षों से थी तलाश

# बक्सर का 50 हजार का इनामी कुख्यात अपराधी अमित सिंह वाराणसी से गिरफ्तार

- हत्या के मामले में कोलकाता पुलिस ने वाराणसी के शिवपुरी इलाके से किया गिरफ्तार
- कुख्यात चंदन गुप्ता के साथ मिल रोहतास के चर्चित ठेकेदार धनजी मुखिया की हत्या कर एके 47 लूटकर पहली बार सुर्खियों में आया था अमित सिंह

**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार व यूपी का कुख्यात अपराधी अमित सिंह को कोलकाता पुलिस ने वाराणसी से गिरफ्तार कर लिया है। उस पर बक्सर पुलिस ने 50 हजार रूपए का इनाम घोषित किया था। जबकि उस पर रोहतास, कैमूर, बक्सर, के थानों में हत्या व रंगदारी के दर्जनों संगीन मामले दर्ज थे। बक्सर में लूट के दौरान गोली मार हत्या किए जाने के एक मामले में भी पुलिस को उसकी तलाश थी। जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के पंडुआ थाना क्षेत्र में हुए एक हत्याकांड में कोलकाता पुलिस को उसकी तलाश थी। कोलकाता पुलिस ने उस मामले में कुल छह अपराधियों में पांच को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि अमित सिंह फरार चल रहा था। तकनीकी साधनो तथा मुखबिरों के सहारे जब कोलकाता पुलिस ने उसे वाराणसी के शिवपुरी इलाके से गिरफ्तार किया तथा उसका नाम पता पूछा तो वह अपना परिचय बक्सर के बड़की कोठिया गांव के अमित सिंह के रूप में बताया। इसके बाद जब कोलकाता पुलिस ने बक्सर पुलिस से संपर्क स्थापित किया तो पता चला कि इस 50 हजार का इनाम रखा गया था।

अमित सिंह पहली बार तब सुर्खियों में आया था जब उसने अपने साथी कुख्यात चंदन गुप्ता के साथ मिल रोहतास के चर्चित ठेकेदार धनजी मुखिया की हत्या कर उनकी एके 47 लूट लिया था। इसके बाद से ही पुलिस को उसकी तलाश थी। इधर फरार रहने के दौरान वह हत्या की कई घटनाओं को अंजाम दे पुलिस के नाक में दम कर रखा था। उसे गिरफ्तार करने के बाद कोलकाता पुलिस ने स्थानीय कोर्ट में प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमांड पर ले चुकी है। माना जा रहा है कि बक्सर के साथ ही अन्य जिलों की पुलिस भी उसे रिमांड पर लेगी।



### सुपारी लेकर अमित व चंदन ने की थी ठेकेदार हत्या

कोलकाता पुलिस की गिरफ्त में आया 50 हजार का इनामी कुख्यात अमित सिंह पर अकेले रोहतास व बक्सर में हत्या के आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावे प्रताप सागर में लूट व औद्योगिक थाना क्षेत्र के मझरिया में एक व्यक्ति को गोली मार जख्मी करने का एक मामला भी उस पर दर्ज है। मूलरूप से जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र के बड़की कोठिया गांव का अमित सिंह पहली बार तब सुर्खियों में आया था जब वह अपने सहयोगी तथा इनामी अपराधी चंदन गुप्ता के साथ मिल 10 अक्टूबर 2017 को रोहतास के चर्चित ठेकेदार धनजी सिंह उर्फ धनजी मुखिया के साथ ही उसके दो अन्य सहयोगियों को गोलियों से छलनी कर उनसे एके 47 समेत अन्य हथियार लूट लिए थे।

इस घटना के बाद रोहतास पुलिस ने जिन 9 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया था उनमें अधिकांश बक्सर जिले के ही अपराधी थी। जानकारी के अनुसार अमित व चंदन ने यह हत्या सुपारी लेकर की थी। चुनाव प्रचार के बहाने दोनों अपने गिरोह के साथ धनजी के करीब में आए थे तथा मौका देख उसके साथ दो अन्य लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। इसी घटना के बाद बक्सर में भी अमित व चंदन गुप्ता का नाम सुर्खियों में आ गया था।

### डुमरांव में दिनेश श्रीवास्तव को मारी थी गोली

26 जून 2018 को डुमरांव के चर्चित मुर्गा व्यवसायी दिनेश श्रीवास्तव की अमित सिंह ने अपने साथियों के साथ गोली मार हत्या कर दी थी। वारदात को भरी दोपहरी पुराना भोजपुर डुमरांव पथ पर मिशन स्कूल के पास अंजाम दिया गया था। मामला रंगदारी से जुड़ा था। इसके पहले बक्सर इटाढ़ी गुमटी पर हुए बसपा नेता सह खुटहा पंचायत के मुखिया खुटी यादव की हत्या में भी अमित सिंह का नाम आया था। इसके बाद पुलिस ने पहले चंदन गुप्ता और बाद में अमित सिंह पर 50 हजार रूपए का इनाम रखा था। कुछ वर्ष पहले पुलिस ने चंदन गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया था। तब से गिरोह का संचालन अमित ही करने लगा था। उस पर प्रताप सागर में लूट के दौरान पेट्रोल पंप मैनेजर की गोली मार हत्या करने के अलावे मझरिया के फाईटर सिंह को गोली मार जख्मी करने का आरोप भी है।

अमित के खिलाफ 19 मई 2018 को इटाढ़ी गुमटी पर हुए खुटहां पंचायत के मुखिया खुटी यादव हत्याकांड, 26 जून 2018 को पुराना भोजपुर संत जोसफ स्कूल के पास दिनेश श्रीवास्वत हत्याकांड, 8 दिसंबर 2020 को प्रतापसागर में पूर्व सरपंच जगदीश यादव हत्याकांड तथा 21 मार्च 2022 को प्रतापसागर में लूट के दौरान पेट्रोल पंप मैनेजर मनोज पासवान की हत्या का मामला दर्ज है।

### बचने के लिए मोबाइल फोन का नहीं करता था इस्तेमाल

पुलिस की मानें तो अमित सिंह मोबाइल फोन इंस्तेमाल नहीं करता है। वह कुख्यात चंदन गुप्ता का मुख्य शूटर था। अमित को इंटरनेट कॉलिंग के जरिए चंदन टार्गेट दे देता है। उसके बाद वह घटना को अंजाम देकर वापस लौट जाता था। जिसके कारण पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। मोबाईल का इस्तेमाल नहीं करने के कारण पुलिस उसे गिरफ्तार करने में सफल नहीं हो पा रही थी। अमित सिंह को पकड़ने के लिए एसटीएफ को लगाया गया था। एसटीएफ की एक टीम लगातार उसे पकड़ने का प्रयास कर रही थी। लेकिन सूत्रों की मानें तो अमित कुख्यात के साथ ही काफी शातिर था। वह न तो मोबाईल का प्रयोग करता था और न ही किसी घटना को अंजाम देने के बाद अपने साथियों से मिलता था। जिस कारण उसे पकड़ना बिहार पुलिस के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा था।

### मुंह खोलने पर दागदार हो सकते हैं कई के दामन

सूत्रों की मानें तो यदि पुलिस उसे रिमांड पर लेती है तथा कुख्यात ने यदि मुंह खोला तो कई सफेदपोशों के दामन भी दागदार हो सकते है। दिलचस्प है कि वह पिछले छह वर्षों से जरायम की दुनिया में सक्रिय था, बावजूद उसे पकड़ने की बात तो दूर पुलिस के पास उसके पहचान के लिए कोई तस्वीर तक नहीं थी। वही सूत्रों की माने तो कई सफेदपोश सुपारी देकर उससे अपने दुश्मनों का सफाया कराए हैं जबकि कईयों का उसे संरक्षण प्राप्त था।

### धौंस जमा व्यवसायियों से रंगदारी वसूलता था अमित

शेरू चंदन के बाद जिले की सबसे कुख्यात जोड़ी चंदन गुप्ता व अमित सिंह भी सुपारी लेकर हत्या करने तथा व्यवसायियों पर अपने नाम का धौंस जमा रंगदारी वसूलते थे। हत्या, लूट व रंगदारी इनका मुख्य पेशा बन गया था। चंदन के जेल जाने के बाद अमित अपने नाम पर रंगदारी मांगने लगा था। रंगदारी नहीं देने वालों की हत्या या उन्हें डराने के लिए उनके प्रतिष्ठान के बाहर फायरिंग करवा चुका है।

## एक नजर

### चौसा पॉवर प्लांट के गेट पर खड़ी ट्रक के डाला में फंदे पर झूल गया चालक

**चौसा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत चौसा पॉवर प्लांट के गेट पर खड़ी एक ट्रक के चालक ने डाला में फंदे से फांसी लगा आत्महत्या कर ली है। घटना बुधवार की रात 11 बजे की है। इसकी जानकारी मिलते ही ट्रक चालकों तथा पुलिस ने उसे फंदे से उतार सदर अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ट्रक के खलासी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को भी दी गई है। जानकारी के अनुसार पंजाब के मानसा जिला अंतर्गत भटिंडा के जगजीत सिंह अपने ट्रक को खुद चलाते थे। वह 3 दिन पहले पड़ोस के गांव चीकुगिया के खलासी कांडा सिंह के साथ ट्रक में लोहे का एंगल भरकर चौसा पावर प्लांट के लिए चले थे। बुधवार की रात में मुख्य गेट पर पहुंच गए थे। इसके बाद खलासी को खाना लाने के लिए भेज दिया तथा घर पर फोन से बात करने लगा। फोन काट वह अचानक ट्रक के डाला में गया और फांसी लगा लिया। आसपास में खाली ट्रकों का चालकों ने जब उसे फंदे पर झूलता देखा तो तत्काल खलासी को इसकी सूचना दी। मौके पर आनन-फानन में थर्मल पावर कर्मियों तथा ट्रक चालकों की भीड़ इकट्ठी हो गई। चालकों के सहयोग से उसे फंदे से उतार सदर अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। मुफस्सिल थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ईटाढी में रोजगार सह मार्गदर्शन मेला आज

**बक्सर।** शुक्रवार को जिले के ईटाढी प्रखंड के प्रखंड कार्यालय परिसर में जीविका की तरफ से रोजगार सह कैरियर मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया है। जीविका के प्रबंधक मानव संसाधन सह प्रभारी प्रबंधक संचार प्रवीण कुमार ने बताया कि 11 अगस्त को आयोजित होने वाले रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेले में करीब 13 विभिन्न सेक्टरों की कंपनियों के द्वारा बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराएंगे। इस रोजगार मेले में पात्रता रखने वाले जिले एवं जिले के बाहर के युवक-युवतियां भाग लें सकते हैं। इस रोजगार मेले में बेरोजगार युवक-युवती 8वीं पास एवं इससे ऊपर तथा आई.टी.आई. पास आवश्यक कागजात की मूल प्रति एवं छाया प्रति के साथ अपनी अभ्यर्थता को पात्रता के अनुरूप पेश कर सकते हैं। जीविका के प्रबंधक रोजगार भोले नाथ पाण्डेय ने बताया कि नियुक्त करने वाली कंपनियों में मुख्यत के.पी.आर. मिल लिमिटेड, जी-4 एस सिक्योरिटी, आर.टी.डी. गलोबल, इकाम एक्सप्रेस, उत्कर्ष माइक्रो फाइनांस, अरविन्दो फार्मा, फ्लिपकार्ट, शिव शक्ति बायोटेक्नोलॉजी प्रा. लि, ग्रेविज, क्वोस्कार्प, एल.एंड.टी. कंपनी, रिलायंस हॉस्टिल एवं स्पेक्ट्रम टैलेन्ट मैनेज लिमिटेड है। जिसमे विभिन्न पदों पर अहर्ता रखने वाले युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

### महागठबंधन सरकार के एक साल पूरा होने पर भाजयुमो ने निकाला धिक्कार मार्च

**बक्सर।** गुरूवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा नीतीश तेजस्वी सरकार के 1 वर्ष पूरा होने पर धिक्कार मार्च निकाला गया। ज्योति चौक बक्सर से समाहरणालय तक निकले इस धिक्कार मार्च का नेतृत्व भाजयुमो के जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी ने किया। धिक्कार मार्च स्थानीय ज्योति प्रकाश चौक से समाहरणालय पहुंचा। जहां पहुंच कर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौपा गया। मार्च के बाद सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सौरभ ने कहा कि बिहार की लूट बंधन की सरकार का 1 साल पूरा हुआ। बिहार की जनता धिक्कार कर रही है। जनादेश का अपमान कर बिहार को लालटेन युग मे धकेलने का काम नीतीश कुमार ने किया है। 1 साल में बिहार का नाम खराब करने का काम चाचा भतीजा की सरकार ने किया है। बिहार की जनता भय और आतंक के साये में जी रही है। बिहार में बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा सब लचर व्यवस्था की ओर अग्रसर है।



# बक्सर में 11 सितंबर से शुरू होगा मिशन इंद्रधनुष 5.0 का पहला चक्र

केटी न्यूज/बक्सर




जिले में नियमित टीकाकरण से वंचित दो साल से कम उम्र के बच्चों व गर्भवतियों को टीकाकृत करने के लिए अगले माह से मिशन इंद्रधनुष 5.0 का शुभारंभ किया जा रहा है। हालांकि, यह अभियान सात अगस्त से ही शुरू होने वाला था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से अभियान की तिथियों में बदलाव किया गया है। इस संबंध में राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान का प्रथम चरण 11 से 16 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। वहीं, दूसरा 9 से 14 अक्टूबर तथा तीसरा चक्र 27 नवंबर से 2 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। संशोधित तिथि में बदलाव को लेकर कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने जिलाधिकारी एवं सिविल सर्जन को पत्र के माध्यम से दिशा निर्देश जारी किए हैं। अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं को आवश्यक जांच के साथ आयरन व कैल्शियम की गोलियों के साथ टेटनस व डिप्थीरिया का टीका लगाया जाएगा। वहीं दो साल से कम उम्र के बच्चों को बीसीजी, ओपीवी, पेटावलेंट, रोटा वैक्सीन, आईपीवी, मिजल्स, विटामिन ए, डीपीटी बूस्टर जैसे टीके दिए जायेंगे।

**बच्चों को स्वस्थ रखना विभाग का प्रयास :** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह ने बताया, बच्चों को दिए जाने वाले टीके न केवल बीमारियों से बचाते हैं, बल्कि बीमारियों के प्रसार को भी रोकने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग का यही प्रयास रहता है कि हमारे बच्चे स्वस्थ रहें। ताकि हमारा समाज स्वस्थ्य रहे। इस क्रम में सभी स्वास्थ्य कर्मियों से सामान्य टीकाकरण से वंचित सभी बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीका लगाया जाएगा। अभियान की सफलता के लिए चिह्नित सत्र स्थलों पर घर-घर घूमकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का सर्वे करते हुए लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा। इसे लेकर सभी संबंधित चिकित्सा पदाधिकारियों, स्वास्थ्य कर्मियों व फ्रंट लाइन वर्कर्स को प्रशिक्षित दिया जाएगा।

**खसरा व रूबेला पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाएगा :** डॉ. सिंह ने बताया, नियमित टीकाकरण से वंचित दो वर्ष तक के सभी बच्चों तथा सभी गर्भवती महिलाओं तक टीकाकरण की पहुंच बनाये रखना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सघन मिशन इंद्रधनुष की शुरूआत की गई है। साथ ही, इसके माध्यम से खसरा और रूबेला पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाएगा। सात दिनों तक संचालित पहले चरण अभियान के दौरान नियमित टीकाकरण से वंचित चिन्हित लाभार्थियों को टीका लगाया जाएगा। मिशन इंद्रधनुष का दूसरा चरण 9 अक्टूबर व तीसरा चरण 27 नवंबर से आरंभ होगा।




## कोरानसराय नारायणपुर मार्ग पर मठिला सनकी पुल के पास घटना

# मजदूरों से भरी पिकअप पलटी 20 लोग घायल, चालक फरार

♦ गंभीर रूप से जख्मी चार लोगों को बेहतर इलाज के लिए किया गया रेफर

केटी न्यूज/डुमरांव



कोरानसराय नारायणपुर मार्ग पर मठिला गांव से पश्चिम सनकी पुल के पास मजदूरों से भरी एक पिकअप वैन बीच सड़क पर पलट गई। इस दुर्घटना में पिकअप पर सवार 20 मजदूर जख्मी हो गए है। जिनमें चार को गंभीर चोटें आई है। अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया है। वहीं अन्य जख्मियों को इलाज के बाद घर भेज दिया गया है।

घटना गुरूवार की सुबह करीब नौ बजे की है। घटना के बाद चालक अपना वाहन छोड़ फरार हो गया है। वही सूचना मिलते ही कोरानसराय पुलिस मौके पर पहुंच जख्मियों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजने के साथ ही मामले की पड़ताल में जुट गई है। सभी जख्मी मजदूर कजियां व लहना गांव के है। इस घटना के बाद उनके परिजनों में अफरा तफरी का माहौल था। सभी अपने परिजनों के कुशल जानने के लिए दौड़े भागे डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे।

मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को सुबह एक पिकअप सिकरौल थाना क्षेत्र के कजिया गांव से कुछ मजदूरों को बैठा लहना गई। वहां से भी मजदूरों को पिकअप में बैठाया गया। कुल 20 मजदूर पिकअप पर सवार थे। उन्हें कोरानसराय आना था। इसी दौरान सनकी पुल पर किसी बाइक चालक को बचाने में पिकअप चालक अपना संतुलन खो बैठा तथा पिकअप बीच सड़क पर पलट गई। प्रत्यक्षदर्शी अरविंद सिंह की माने तो पिकअप का डाला नीचे और चक्का उपर हो गया था। जिसमें मजदूर दब गए थे। हालांकि राहगीरों ने तत्काल पिकअप को सीधा कर मजदूरों को बाहर निकाला तथा पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर जख्मी मजदूरों की चीख पुकार मच गई थी। हालांकि कोरानसराय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी मजदूरों को अस्पताल पहुंचाया।

जख्मी मजदूरों में छठू बिंद, अक्षय चौधरी, रामेश्वर पासवान, गदल पासवान, रामजी बिंद, मनू कुमार, अखिलेश पासवान, राधेश्याम पासवान, परशुराम यादव, रौशन पासवान, श्रवण पासवान, नंदजी सिंह, साहेब बिंद, राकेश सिंह, प्रमोद राम, राकेश कुमार, ओसीहर पासवान, सियाराम पासवान, नरेन्द्र राम व सरोज कुमार शामिल है। इनमें प्रमोद राम, राकेश कुमार, ओसीहर पासवान व राकेश सिंह को रेफर किया गया है। कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटनाग्रस्त पिकअप को कब्जे में ले लिया गया है। चालक की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाने के साथ ही उनके परिजनों को इसकी सूचना दी गई।

## आईटीआई फील्ड से बुनियादी स्कूल जाने वाली सड़क निर्माण का डीएम ने लिया जायजा

**बक्सर।** बक्सर के आईटीआई फिल्ड से बुनियादी स्कूल तक बन रही सड़क का डीएम अंशुल अग्रवाल ने गुरूवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की शिकायतों को भी सुना तथा सड़क निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता रजनीकांत तिवारी को सड़क की मापी कराने के बाद ही निर्माण शुरू कराने को कहा। बता दें कि डीएम के सामने स्थानीय निवासियों ने इस सड़क पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया था और बताया कि बिना अतिक्रमण हटाए ही इस सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे सड़क की चौड़ाई घट जाएगी।

बता दें कि करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी व 54 फिट चौड़ी इस सड़क का निर्माण 12.2 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। लेकिन स्थानीय निवासी इस पथ पर अतिक्रमण की शिकायत कर रहे है। डीएम ने इस कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि सड़क का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से होना चाहिए। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी व एसडीओ धीरेन्द्र मिश्र को इस पथ की मापी करा अतिक्रमण मुक्त कराने के बाद ही निर्माण कराने को कहा।






## लोडेड पिस्टल के साथ फोटो शूट के दौरान छीन झपट में चलाई थी गोली

# छात्रा गोली कांड में चार गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

शहर के नवादा में स्कूली छात्रा को गोली मारने की गुत्थी पुलिस ने सुलझा दी है। छह दोस्तों द्वारा पिस्टल के साथ फोटो शूट करने के चक्कर में छात्रा को गोली लग गयी थी। पुलिस की ओर से इस मामले में दो किशोरों समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनमें दो श्रीटोला निवासी विकास पासवान और ऋतिक कुमार के अलावे जवाहर टोला और मुफस्सिल थाने के महुली गांव के रहने वाले दसवीं के दो छात्र शामिल हैं। विकास और ऋतिक स्नातक के छात्र हैं। उनकी निशानदेही पर फायरिंग में इस्तेमाल पिस्टल, एक देशी कट्टा और तीन गोली भी बरामद की गयी है। चारों आरोपितों ने अपना गुनाह भी कबूल लिया है।

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि छात्रा को गोली मारे जाने की घटना के बाद बदमाशों की गिरफ्तारी को लेकर एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम द्वारा छात्रा और उसकी सहेलियों से पूछताछ एवं सीसीटीवी फुटेज के जरिए घटना में शामिल कुछ लड़कों की पहचान की। उसके बाद दो लड़कों को पकड़ गया तो पूछताछ में पूरा राज खुल गया। दोनों की निशानदेही पर दो अन्य को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उसके बाद उनकी निशानदेही पर एक देशी कट्टा, एक पिस्टल और तीन गोलियां बरामद की गयी। घटना में शामिल दो अन्य की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। एसपी के अनुसार पूछताछ में चारों आरोपितों ने बताया कि छह दोस्त मंगलवार को चुड़ी गली में पिस्टल के साथ फोटो शूट कर रहे थे। पिस्टल लोडेड था। छीन झपट के दौरान फायर हो गया और बगल से गुजर रही छात्रा को गोली लग गयी। टीम में थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार और डीआईयू के अफसर और जवान भी शामिल थे।




- 10वीं के छात्र के घर से देसी पिस्टल, एक देशी कट्टा व तीन गोली बरामद
- दो फरार, छापेमारी जारी

### स्कूल से घर जा रही छात्रा को मारी थी गोली

मंगलवार की दोपहर नवादा चौक स्थित बीड़ी पब्लिक स्कूल की नौंवी की छात्रा छुट्टी के बाद अपनी सहेलियों के साथ स्कूल से घर लौट रही थी। तभी चूड़ी गली स्थित लॉज के पास पहले से खड़े लड़कों द्वारा गोली मार दी गयी थी। गोली उसके कमर के पास लगी थी। उसका प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है। छात्रा के पिता के ने तीन अज्ञात लड़कों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। उसमें कहा गया था कि उनकी बेटी स्कूल से छुट्टी होने के बाद अपनी सहेलियों के साथ घर लौट रही थी। तब चूड़ी गली में लॉज के पास तीन लड़के हथियार लहरा रहे थे और मार देंगे, ये करेंगे-वो करेंगे बोल रहे थे। उस पर उनकी पुत्री ने लड़कों से पूछा कि किसको बोल रहे हो। उस पर लड़कों ने कहा कि वे सब अपने में बात कर रहे हैं। उसे लेकर उनकी बेटी द्वारा लड़कों को डांट दिया। जिसके बाद एक लड़के ने कहा कि गोली मारी दो। तभी दूसरे लड़के द्वारा गोली चला दी।

## भाषण प्रतियोगिता और परिचर्चा आयोजित

**जहानाबाद।** स्थानीय एसएन सिन्हा कॉलेज में भारत छोड़ो आंदोलन की 81वीं वर्षगांठ के अवसर पर अगस्त क्रांति और बिहार विषय पर बुधवार को भाषण प्रतियोगिता और परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के इतिहास विभाग और राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो.( डॉ.)अरुण कुमार रजक ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र भी दिए गए। कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. अख़्तर रोमानी ने बतलाया कि द्वितीय विश्वयुद्ध की परिस्थितियों ने इस आंदोलन को जन्म दिया। इस समय भारत पर जापानी आक्रमण का खतरा भी बढ़ गया था। बापू चाहते थे कि अंग्रेज देश छोड़कर चले जाएं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ने 08 अगस्त 1942 को ऐतिहासिक 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव पास कर दिया। इसके बाद अगले दिन ही आंदोलन शुरू हो गया।

## 1.5 किग्रा गांजा व 44 पुड़िया हेरोइन के साथ तीन गिरफ्तार

**आरा।** भोजपुर पुलिस ने बुधवार को तरारी और नारायणपुर थाना क्षेत्र से हेरोइन एवं गांजे के साथ तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। जिसमें पुलिस 44 पुड़िया हेरोइन और डेढ़ किग्रा गांजा बरामद किया। हेरोइन के साथ तरारी थाने के बड़कागांव गांव निवासी रवि रंजन कुमार ने उर्फ सोम और मुकेश कुमार उर्फ करिया है। दोनों के मोबाइल भी जब्त कर लिया गया है। गांजे के साथ नारायणपुर थाना क्षेत्र के मड़नपुर गांव निवासी अरविंद लाल को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि बुधवार शाम सूचना मिली कि तरारी थाने के बड़कागांव स्थित हाई स्कूल में दो युवक हेरोइन की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। उसके बाद एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी की गयी। पुलिस टीम द्वारा हाई स्कूल से दोनों धंधेबाजों को 44 पुड़िया हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। टीम में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार भास्कर सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। उसी तरह बुधवार की शाम नारायणपुर के मड़नपुर गांव में गांजा तस्करी की सूचना मिलने पर एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम द्वारा छापेमारी कर डेढ़ किलो गांजा के साथ अरविंद लाल को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह अगल-बगल के लोगों को गांजा बेचता है। टीम में थानाध्यक्ष राकेश कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। एसपी ने बताया कि तीनों धंधेबाजों का बैकवर्ड और फारवर्ड लिंक खंगाला जा रहा है। ताकि यह पता चल सके कि यह लोग हेरोइन और गांजा कहां से लाते हैं।

## बूथों की अधिकतम सीमा 1500 निर्धारित

**अरवल।** डीएम वर्षा सिंह ने मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण कार्यक्रम के तहत बूथों के प्रारूप सूची से संबंधित सांसद एवं विधायक तथा सभी राजनैतिक दलों के अध्यक्ष-सचिव के साथ बैठक की। डीएम ने बताया कि निर्वाचन आयोग के अनुसार ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के बूथों पर अधिकतम 1500 निर्वाचक को सम्बद्ध किया जाना है। जिसके अनुसार बूथों की प्रारूप सूची तैयार कर प्रकाशित की गयी है। आयोग द्वारा अनुमोदित मतदान केन्द्रों की संख्या 555 है एवं मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण कार्यक्रम के तहत आयोग द्वारा बूथों पर निर्वाचकों की अधिकतम सीमा 1500 निर्धारित करने के कारण एक भी नये मतदान केन्द्र प्रस्तावित नहीं किये गये है। डीएम ने बताया कि उन्हें इस कुल 2 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अरवल एवं कुर्था विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का मतदान केन्द्रों का प्रारूप सूची प्राप्त कराया गया है।










## आयुष्मान कार्ड बनाने की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी, कड़ी कार्रवाई के दिये संकेत

# सभी जारी आईडी को एक्टिव कराएं: डीएम

**केटी न्यूज/बलिया**




जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने विकास भवन सभागार में बैठक कर सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभागवार अधिकारियों से उनके विभाग में चल रहे कार्यों की जानकारी ली। जिस विभाग की प्रगति खराब मिली, सम्बन्धित अधिकारी को सुधार लाने की कड़ी चेतावनी जिलाधिकारी ने दी।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति धीमी होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। सीएमओ डॉ जयन्त कुमार को निर्देश दिया कि इस पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड की प्रगति तेज होने बजाय धीमी होना अत्यंत आपत्तिजनक है। सुधार नहीं होने की दशा में आयुष्मान भारत के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ विजय यादव पर भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये। कहा कि कार्ड बनाने के लिए जो आईडी जारी की गयी है, सभी को एक्टिव कराया जाए। यह भी निर्देश दिया कि अस्पतालों पर कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाए। गो आश्रय स्थलों की समीक्षा के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि कहीं भी शिकायत मिल रही है तो तत्काल वहां पहुंचकर व्यवस्था में सुधार लाएं। क्षेत्रीय पशु चिकित्साधिकारी या किसी कर्मचारी की लापरवाही मिलती है तो कार्रवाई भी करें। पशुओं के टीकाकरण की प्रगति की भी जानकारी ली। लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता से सड़कों की स्थिति की जानकारी ली। कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिला कृषि अधिकारी से कहा कि किसानों से जुड़े कार्य समय से हों। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत होने वाले निःशुल्क बोरिंग के लक्ष्य व उसके सापेक्ष प्रगति की जानकारी ली। कहा कि पारदर्शी ढ़ंग से किसानों को इस योजना से लाभान्वित किया जाए।

**नहरों में टेल तक पहुंचे पानी, खराब ट्यूबेल तत्काल सही करें :** डीएम ने सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान विशेष जोर देकर कहा कि नहरों में टेल तक पानी पहुंचे, यह सुनिश्चित कराएं। इसके लिए नहर परियोजना के सभी पम्पों को चलाया जाए। विद्युत सम्बन्धी समस्या दूर की जा चुकी है, लिहाजा अब किसी प्रकार की बहानेबाजी नहीं चलेगी। उन्होंने नलकूपों के संचालन की जानकारी लेने के बाद कहा कि यांत्रिक या विद्युत, किसी कारण से भी नलकूप बंद है, तो दो दिन के अन्दर सही कराकर चालू कराया जाए। इसके लिए जिलाधिकारी ने सोमवार तक का अन्तिम अल्टीमेटम दिया।

**नाला की पूरी सफाई नहीं होने पर नाराज :** कटहल नाला की पूरी सफाई नहीं होने पर जिलाधिकारी ने तगड़ी नाराजगी जताई। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को कड़ी फटकार लगाते हुए सवाल किया कि बार-बार निर्देशित करने के बाद भी कटहल नाला की सफाई की दैनिक रिपोर्ट क्यों नहीं दी गयी। उन्होंने सीडीओ को इसकी समीक्षा कर कटहल नाला की सफाई सम्बन्धित सभी भुगतान पर रोक लगाने का निर्देश दिया। बैठक में सीडीओ प्रवीण वर्मा के अलावा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

### सभी निमार्णाधीन परियोजनाएं समय से पूरी हों, गुणवत्ता का रखें विशेष ख्याल: जिलाधिकारी

**बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने मुख्यमंत्री की सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रम एवं 50 लाख से ऊपर की निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिया कि वित्तीय प्रगति के सापेक्ष भौतिक प्रगति मे तेजी बनाये रखें। अगर गुणवत्ता में शिकायत मिले तो भुगतान नहीं किया जाए। जो विकास परियोजना पूरी हो चुकी है, उसे हैंडओवर किया जाए। जिन कार्यदायी संस्था के कार्यालय जिले से बाहर हैं, उनके अधिकारी को निर्देश दिया कि अस्थायी कार्यालय जिलें स्थापित कराएं। पुलिस आवास को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। यूपीपीसीएल के कार्यों की समीक्षा के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रसड़ा, चिलकहर, जिला चिकित्सालय बलिया में नलकूप रिवोर पाइप लाइन की स्थापना एवं ओवर हेड टैंक की मरम्मत का कार्य एवं अन्य ब्लॉकों में हॉस्टल बैरक एवं विवेचना कक्ष जैसे निर्माण संबंधित कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिये। सीएंडडीएस के कार्यों की समीक्षा के दौरान नगरा के नगर पंचायत भवन का निर्माण कार्य, एसडीएम आवास में लॉकअप एवं कैंटीन ब्लॉक का निर्माण कार्य, नगर पालिका परिषद बलिया में लिगेसी वेस्ट का निस्तारण कार्य एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सीयर जैसी तमाम निमार्णाधीन विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड के कार्यों की समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा (बैरिया), जिला कारागार बलिया में पंप हाउस एवं आरसीसी वाटर चैनल का निर्माण कार्य, राजकीय आईटीआई नवानगर बलिया का बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य जैसी विभागीय योजनाओं को तय समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

### मिठाई खाने के लिए दो पक्षों में मारपीट, केस दर्ज

**बलिया।** बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के गंगभेव में शादी की मिठाई खाने खिलाने को लेकर हुई बहसबाजी में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गयी। जिसके बाद मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। गांव के ओमप्रकाश राजभर व विजय राजभर के बीच पूर्व में उनके परिवार में हुए मांगलिक कार्यक्रम की मिठाई खाने व खिलाने को लेकर शुरू हुई बहसबाजी धीरे धीरे उग्र होती चली गयी और दोनों पक्ष लाठी डंडे के साथ मारपीट पर उतारू हो गये।

मारपीट में दोनों कुनबों के कई लोग घायल हुए और कुछ महिलाओं को भी चोटें आई। इसे लेकर दोनों पक्ष देर तक लड़ते रहे। सूचना पाकर पहुचीं पुलिस ने बवाल शांत कराया और घायलों को मेडिकल के लिए बांसडीह सीएचसी भेजा। मामले में पुलिस ने एक पक्ष के ओमप्रकाश राजभर की तहरीर पर चार लोगों व दूसरे पक्ष के अक्षय राजभर की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाने पंहुचे दोनों पक्षों की मारपीट की वजह सुनकर पुलिसकर्मी भी हैरान थे। इस संबंध में इंस्पेक्टर बांसडीह योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में मिठाई खाने खिलाने की उलाहना को लेकर मारपीट हुई थी। प्रकरण में दोनों पक्षों की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर कारवाई की जा रही है।

**एक नजर**

### जिले में मनाया गया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस, सीएमओ ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ



**बलिया।** जिले में गुरुवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी)मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. जयन्त कुमार ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के प्रांगण में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह दवा एक वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को खिलाई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिले में 17 लाख से अधिक बच्चों और किशोरों को कृमि मुक्ति (पेट से कीड़े निकालने की) दवा एल्बेंडाजोल खिलाने के लिए यह अभियान शुरू हुआ है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत सभी स्कूलों में सभी नामांकित बच्चों को अध्यापको के जरिये दवा खिलाई गई। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर एक से पांच साल के सभी पंजीकृत एवं गैर-पंजीकृत बच्चों और छह से 19 साल के स्कूल न जाने वाले सभी बालक/बालिकाएं एवं ईट भट्ठा इत्यादि पर कार्य करने वाले श्रमिकों एवं घुमंतू परिवारों के बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के जरिये कृमि मुक्ति दवा खिलाई गई। गैर-पंजीकृत तथा स्कूल न जाने वाले बच्चों को आशा कार्यकर्ता नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दवा खिलाई । जो बच्चे बीमार हैं या कोई अन्य दवा ले रहें हैं, उन्हें एल्बेंडाजोल नहीं खिलाई गई। नोडल अधिकारी ने बताया कि किसी कारण गुरुवार को जो बच्चे दवा नहीं खा पाए उनको मॉपअप राउंड 17 अगस्त को दवा खिलाई जाएगी। नोडल अधिकारी ने बताया कि बच्चे अक्सर कुछ भी उठाकर मुंह में डाल लेते हैं या फिर नंगे पांव ही संक्रमित स्थानों पर चले जाते हैं। इससे उनके पेट में कीड़े विकसित हो जाते हैं। अगर यह कीड़े पेट में मौजूद हैं तो बच्चे के आहार का पूरा पोषण कृमि हजम कर जाते हैं। इससे बच्चा शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर होने लगता है। बच्चा धीरे-धीरे खून की कमी (एनीमिया) समेत अनेक बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है। कृमि से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए यह दवा (एल्बेंडाजोल) एक बेहतर उपाय है। इसे खाकर पेट के कीड़े निकल जाते हैं।

# प्राथमिक विद्यालय में चोरी, तीन गिरफ्तार

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खेजुरी पुलिस ने चोरी की घटना का सफल अनावरण किया है। पुलिस ने चोरी से संबंधित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए चोरी का माल बरामद किया है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को चालान न्यायालय भेज दिया।



उप निरीक्षक पन्नालाल हमराही का. घनश्याम यादव व कुलदीप चौरसिया ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर खेजुरी थाने में दर्ज चोरी की प्राथमिकी के अभियुक्त अरुन कुमार राजभर पुत्र विश्राम राजभर (निवासी : दुगीर्पुर बेरुआरबारी, सुखपुरा), सुनील कुमार राजभर पुत्र मक्खन राजभर (निवासी : आवादी सुखपुरा) व नित्येन्द्र प्रताप कुशवाहा पुत्र चन्द्रदेव कुशवाहा (निवासी बड़ागांव, मनियर) को करम्मर व गांधीनगर के बीच सरकारी ट्यूवबेल के पास से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 28 स्टील की टेस्टिंग थाली, दो स्टील प्लेट, 17 स्टील गिलास, एक एल्मूनियम परात मय ढक्कन, एक-एक एल्मूनियम दरवाजा फ्रेम 15 खण्ड में, दो रजिस्टर (रजिस्टर पर एक के ऊपर पुस्तक आगरा निर्गम पंजिका प्राथमिक विद्यालय प्रानपुर, शिक्षा क्षेत्र गड़वार, न्याय पंचायत पचखोरा जनपद बलिया उत्तर प्रदेश अंकित है) बरामद किया गया है।

### अपहरण व पाक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**बैरिया।** थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिक किशोरी के अपहरण व पाक्सो एक्ट के आरोपी गिरफ्तार किया गया। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी भगाने की फिराक में है। उसके बाद उप निरीक्षक शिवचंद यादव को फोर्स के साथ भेजा आरोपी को रानीगंज कोटवां मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी रेवती थाना क्षेत्र के भैंसहा निवासी जनार्दन प्रसाद का बेटा पिंटू उर्फ सत्य प्रकाश है। एसएचओ ने बताया कि आरोपी थाना क्षेत्र के गांव में अपने ननिहाल में रहता था और वहीं से नाबालिग किशोरी के अपहरण का केस भी दर्ज किया गया था।

# शांत चित्त में ही परमात्मा का अवतरण

बलिया। प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री व नगर विधायक दयाशंकर सिंह के संकल्प से बाबा बालखंडी नाथ जी मंदिर के प्रांगण में चल रहे संगीतमय दिव्य श्रीराम कथा में सुप्रसिद्ध कथावाचक संत प्रेम भूषण जी महाराज के श्रीमुख से तीसरे दिन श्रीराम जन्म की कथा संपन्न हुई। पूज्य महाराज जी ने कहा कि माता पार्वती ने भगवान शिव से प्रश्न किया कि ब्रह्म निर्गुण हैं तो उन्हें सगुण होने की आवश्यकता क्यों पड़ी। तब भगवान शिव ने उत्तर दिया कि सगुण व निर्गुण दोनों एक ही है।



भक्तों के निवेदन पर उनके आनंद के लिए परमात्मा सगुण रुप धारण करते हैं। विप्र, धेनु, सुर, संत हेतु प्रभु लिन्ह मनुज अवतार। पूज्य महाराज जी ने कहा कि बोध के द्वारा हमारी कामनाओं का शमन होता है। इससे व्यक्ति का चित्त शांत रहता है और शांत चित्त में ही परमात्मा का अवतरण होता है, क्योंकि परमात्मा शांताकार हैं। श्रीराम कथा के तीसरे दिन मंत्री दयाशंकर सिंह की माताजी ने कथा का श्रवण किया।









## दो साल पहले जारी हुआ था नूरुद्दीनपुर प्राइमरी स्कूल को ध्वस्त करने का आदेश, कार्रवाई सिफर

# खतरनाक: जर्जर स्कूल भवन में पढ़ने को बच्चे मजबूर

**अखिलानंद तिवारी/गाजीपुर**

जनपद के सैकड़ों प्राथमिक एवं जूनियर हाईस्कूल जर्जर हालत में हैं। इन भवनों में पढ़ाई कर रहे बच्चों का जीवन संकट में है। अधिकारियों द्वारा दो साल पहले जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण का आदेश दिया गया था। बावजूद अभी तक इस दिशा में कार्रवाई न होने से भवन जीर्ण-शीर्ण स्थिति में पड़े हुए हैं। बरसात के मौसम में इन जर्जर भवनों के नीचे पढ़ रहे छात्र खौफजदपा हैं। बेसिक शिक्षाधिकारी का कहना है कि जल्द ही स्कूल के जर्जर हिस्सों को ध्वस्त किया जाएगा।



देखा जाए तो सरकारी महकमें में फाइलें चींटी की चाल चल रही हैं। जिसे गंतव्य तक पहुंचने में सालों लग जाते हैं। इस कारण कई लोगों की जान जोखिम में पड़ जाती है। कुछ ऐसा ही नजारा उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिला अंतर्गत नूरुद्दीनपुर प्राथमिक विद्यालय का है। यहां दो साल पहले विद्यालय के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई फाइलों में पूरी हो चुकी है, लेकिन अभी तक विद्यालय का ध्वस्तीकरण नहीं हुआ है। इसके चलते छात्र और अध्यापक डर के साए में रहने को मजबूर हैं। इतना ही नहीं इस विद्यालय को हर साल बारिश के मौसम में पलायन का दंश भी झेलना पड़ता है। पूरे जनपद में जर्जर विद्यालयों की संख्या 100 से अधिक हैं। कंडम हो चुके इन विद्यालयों के ध्वस्तीकरण न होने से छात्रों का जीवन संकट में है।

**बारिश में करना पड़ता है पलायन :** विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि इस विद्यालय के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई दो साल पहले पूरी हो चुकी है, लेकिन ना जाने किन कारणों से अभी तक इसे ध्वस्त नहीं किया गया है। इतना ही नहीं यह विद्यालय प्रत्येक वर्ष बारिश के मौसम में पानी से पूरी तरह से भर जाता है। इसके चलते यहां के छात्रों और शिक्षकों को पलायन करके पास के विद्यालय पर शरण लेना पड़ता है। इन सभी समस्याओं को लेकर एबीएसए को कई बार पत्र लिख चुके हैं। लेकिन अभी तक समस्याओं का कोई निपटारा नहीं हुआ है।

**उच्चाधिकारियों को कराया गया है अवगत :** वहीं, प्राथमिक विद्यालय हसनपुरा के प्रभारी प्रधानाध्यापक रामयश ने बताया कि कोटेदार राशन नहीं दे रहा है। इस वजह से भोजन नहीं बन पा रहा है। जर्जर स्कूल के संबंध में कहा कि कई बार उच्चाधिकारियों को इससे अवगत कराया है, लेकिन अबतक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। खंड शिक्षाधिकारी अशोक गौतम का कहना है कि इस संबंध में मुझे अभी कोई जानकारी नहीं मिली है। मैं शीघ्र ही इस पर संज्ञान लेता हूं।

### एक ही कमरे में पढ़ रहे हैं पांच कक्षाओं के विद्यार्थी

जनपद में नूरुद्दीनपुरा प्राथमिक विद्यालय है, जहां सालों पहले विद्यालय के नाम पर तीन से चार कमरे बनाए गए थे। लेकिन सभी कमरे पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं। छत के बीम लटके पड़े हैं। ऐसे में मात्र एक कमरा सही होने के कारण उसी में एक से लेकर कक्षा पांच तक के छात्रों की पढ़ाई एकसाथ कराई जाती है। इसमें छात्रों की संख्या तकरीबन 100 के पार है। बड़ा सवाल है कि इन कमरों की वजह से छात्र और टीचर डर के साए में रहते हैं। कभी-कभी छात्र जर्जर रूम में जाकर खेलते हैं। जिससे हमेशा हादसे का अंदेशा बना रहता है।

### बच्चों को स्कूल भेजने में लगता है डर

**गाजीपुर।** रेवतीपुर विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय हसनपुरा में नौनिहालों का भविष्य और जिंदगी दोनों खतरे में है। प्राथमिक विद्यालय हसनपुरा में 112 बच्चों का पंजीयन है। जिसके सापेक्ष पठन-पाठन के लिए केवल दो ही शिक्षक हैं। स्कूल के कक्षा कक्ष की दीवार फटी हुई है। बारिश में छतों से पानी भी टपकता है। स्कूल का कमरा अत्यंत जर्जर अवस्था में है। जिसमें बच्चे जिंदगी दांव पर लगाकर अपना भविष्य संवारने की जुगत में बैठे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस जर्जर स्कूल के होने की वजह से अपने बच्चों को स्कूल भेजने में काफी डर बना रहता है। सरकार की मंशा है कि बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ-साथ एमडीएम के तहत गुणवत्ता युक्त भोजन देकर बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य को निखारना भी है। उधर गुरुवार को देखने को यह मिला कि एमडीएम नहीं बना था।

### बोले बेसिक शिक्षा अधिकारी

बेसिक शिक्षाधिकारी गाजीपुर हेमंत राव से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि जर्जर विद्यालयों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पूरी की जा चुकी है। बहुत जल्द उन विद्यालयों का ध्वस्तीकरण करा दिया जाएगा। ऐसे में वहां के जो भी छात्र और टीचर हैं, उन्हें दूसरे विद्यालयों में शिफ्ट कर उनके शिक्षा की पूरी व्यवस्था की जा रही है।

## प्रायश्चित सभा में अधिवक्ताओं ने की पंडित कमलापति से की क्षमा याचना

**चंदौली।** जिला मुख्यालय निर्माण के लिए चलाए जा रहे आंदोलन की कड़ी में अधिवक्ताओं ने गुरुवार को पंडित कमलापति त्रिपाठी उद्यान में प्रायश्चित सभा का आयोजन किया। जनपद के इतिहास में यह पहला अवसर था जब किसी भी आंदोलन की कड़ी में प्रायश्चित सभा का आयोजन किया गया है। इस दौरान राष्ट्रगान व कचहरी चक्रमण के बाद अधिवक्ता उद्यान में एकत्रित हुए और पूरे विधि-विधान से पंडित कमलापति त्रिपाठी की प्रतिमा का अभिषेक किया। इसके बाद माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनसे क्षमायाचना की और चंदौली तथा चंदौली वासियों को अपने आशीष से नवाजने की गुजारिश भी की। अधिवक्ताओं ने कहा कि हम सभी के पूर्वजों से पूर्व में जाने-अनजाने में कुछ गलतियां हो गयी थीं, जिससे पंडित कमलापति त्रिपाठी आहत हुए थे, जिनकी वजह से उनके चंदौली छोड़कर जाने के बाद यहां का विकास रुक गया। जनपद सृजन के 26 वर्ष के बाद भी जिला मुख्यालय निर्माण के लिए तरस रहा है। लिहाजा



हम सभी अपने पूर्वजों की तरफ से क्षमा याचना करते हैं। इस दौरान सभी ने क्षमायाचना के साथ अपना आशीष चंदौली को देने की गुजारिश की। साथ ही मौजूदा जनप्रतिनिधियों की सद्बुद्धि के लिए भी प्रार्थना की, जिससे जिले का समुचित विकास शीघ्र हो सके। रामकृत ने कहा कि पंडित कमलापति त्रिपाठी एक राजनीतिक व्यक्ति ही नहीं, बल्कि चंदौली जिले के शिल्पकार व महर्षि रहे। उन्होंने हर गरीब-अमीर को एक समान सम्मान दिया। प्रवीण यादव ने कहा कि चंदौली में पहली बार पंडित कमलापति त्रिपाठी के जाने के बाद इतना सम्मान अधिवक्ता समाज ने उनको दिया है। इसके लिए अधिवक्ता समाज का तहेदिल से शुक्रगुजार हूं।

## 31 तक घर-घर कैंपेन कर बनेगा आयुष्मान गोल्डन कार्ड: सीएमओ

**गाजीपुर।** आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों का निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए तीन अगस्त से लेकर 31 अगस्त तक जनपद में विशेष अभियान चलाकर आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया जा रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. देश दीपक पाल ने बताया कि इस आयुष्मान पखवाड़े में कार्ड बनाने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर कैंप लगाए जा रहे हैं।

आशा वर्कर द्वारा चिन्हित किए गए परिवारों को कैंप में ले जाकर आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया जा रहा है। कैंप में पात्र लाभार्थी अपने आधार कार्ड, राशन कार्ड या परिवार रजिस्टर की फोटो कापी लाकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान में बीसीपीएम, डाटा आपरेटर, कोविड आपरेटर, आशा, संगीनी, सीएचओ, पंचायत सहायक सहित अन्य कर्मी मिलकर आयुष्मान गोल्डन कार्ड बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस विशेष अभियान की मानिटरिंग जनपद स्तर से टीम बनाकर की जा रही है। अभियान में नामित किसी भी कर्मचारी के द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाई गई तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह कैंप ग्राम सचिवालय, आयुष्मान वैलनेस सेंटर सहित सभी सीएचसी, पीएचसी पर प्रतिदिन लगाये जा रहे हैं। सीएम की सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल स्वस्थ प्रदेश-खुशहाल प्रदेश के तहत लाभार्थियों के कार्ड बनावाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है।

## मोबाइल छीनकर भाग रहे बदमाश गिरफ्तार

**चंदौली।** इलिया पुलिस ने बिशनपुरवां गांव के पास से एक युवक का मोबाइल छीनकर भाग रहे तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। वहीं चोरी गई मोबाइल तथा बाइक को बरामद किया है। गिरफ्तार बदमाशों को विभिन्न धाराओं के तहत जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। बिशुनपुरवां गांव निवासी निखिल चौहान गांव के बाहर सड़क पर अपने मोबाइल से बात कर रहा था। इसी बीच सैदूपुर की तरफ से पीछे से आए तीन की संख्या में रहे बाइक सवार एक युवक ने उसका मोबाइल हाथ से छीन कर तेज गति में भागने शुरू कर दिया। उसके बाद एक युवक ने अपनी बाइक से पीछा कर बदमाशों को पकड़ लिया और घटना की सूचना पुलिस को दी। तब तक पीछे से दूसरे बाइक द्वारा चोरों के गिरोह के चार साथी भी मौके पर पहुंच गए। लेकिन लोगों और पुलिस को देख फरार हो गएं। पुलिस ने बताया कि आरोपी सूरज, कुलदीप व रोहित को जेल भेज दिया।

## पंच-प्रण: स्कूली छात्र-छात्राओं ने ली शपथ

**गाजीपुर।** सेवराई तहसील क्षेत्र के स्व. चंद्रशेखर जी पूर्व प्रधानमंत्री स्मारक महाविद्यालय में पंच-प्रण के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों के द्वारा बच्चों को पंचप्रण के बारे में जानकारी देते हुए शपथ दिलाई गई। अमृत भारत योजना के तहत शासन के दिशा निर्देश के क्रम में सभी सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में नौ अगस्त से 20 अगस्त तक पंच प्रण शपथ कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाना है।


गुरुवार को क्षेत्र के स्व. चंद्रशेखर जी पूर्व प्रधानमंत्री स्मारक महाविद्यालय रामपुर कनवा सेवराई में महाविद्यालय के प्राचार्य अरविंद कुमार दुबे के नेतृत्व में विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता एवं नागरिकों में कर्तव्य की भावना के तहत शपथ दिलाया गया। महाविद्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आजादी के आंदोलन में जिन महापुरुषों, शहीदों, देशभक्ति वीरों ने अपनी



कुर्बानियां दी और अपना बलिदान दिया। उनके प्रति उन्होंने नमन करते हुए संकल्प लिया कि हमें अपने शहीदों के सपनों को साकार करना है। यही इन शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर डॉ. तेज नारायण राय, डॉ. परवेज आलम खान, ध्रुव कुमार सिंह, विनोद ओझा, भूपेंद्र सिंह, ज्योति प्रकाश, मो. जाबिर, अमित सिंह, सूर्य प्रकाश बिट्टू, राजेश सिंह, अभिमन्यु सिंह, विनीत आदि के साथ बीएससी कृषि के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।










## जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का किया निरीक्षण, कहा-

# सीसीटीवी कैमरों को उचित स्थान पर लगाएं

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार ने विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत जनपद में विधानसभा क्षेत्र 354, घोसी में उप निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने हेतु पार्टी रवानगी स्थल, स्ट्रांग रूम एवं मतगणना हेतु निर्धारित स्थल सर्वोदय पीजी कॉलेज, घोसी का निरीक्षण किया। पार्टी रवानगी स्थल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वोदय पीजी कॉलेज के निर्धारित कक्षों एवं बरामदे का प्रयोग करने के निर्देश दिए। इसके अलावा परिसर के अंदर स्थित मैदान की साफ सफाई कर चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों हेतु व्यवस्था करने के भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। उप निर्वाचन के दौरान बारिश की संभावना को देखते हुए जिलाधिकारी ने खुले स्थलों में वॉटरप्रूफ टेंट लगाने के भी निर्देश दिए। जिससे ईवीएम व वीवीपैट को सुरक्षित रखा जा सके। स्ट्रांग रूम के



निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी ने निर्धारित कक्षों की खिड़कियों को बंद करने एवं ईवीएम व वीवीपैट की सतत निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरों को उचित स्थान पर लगाने के निर्देश दिए।

सर्वोदय पीजी कॉलेज परिसर में ही स्थित बड़े हाल को मतगणना हेतु निर्धारित किया गया है, जिसमें पर्याप्त मात्रा में टेबलों की संख्या स्थापित की जा सकती है। मतगणना स्थल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मतगणना हाल में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही पूरी मतगणना प्रक्रिया के दौरान सीसीटीवी कैमरो की सक्रियता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। इस दौरान पर्यवेक्षकों हेतु निर्धारित कक्ष का भी निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने रिटर्निंग ऑफिसर घोसी को आवश्यक निर्देश दिए।

**मार्गों पर आवश्यक बैरिकेडिंग कर पार्किंग की व्यवस्था हो :** इसके अलावा सरकारी अधिकारियों व कर्मचारीयों के गाड़ियों की पार्किंग हेतु पास स्थित परिषदीय विद्यालय एवं सर्वोदय इंटर कॉलेज के मैदान को निर्धारित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। चुनाव ड्यूटी में लगे वाहनों की पार्किंग की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने रिटर्निंग ऑफिसर घोसी को चुनाव की महत्वपूर्ण तिथियां के दौरान मार्गों पर आवश्यक बैरिकेडिंग कर पार्किंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने चुनाव से जुड़े समस्त कार्यों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण करने को कहा, जिससे पूरी निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल संपन्न किया जा सके। उन्होंने ईवीएम को लाने एवं ले जाने के दौरान प्रत्याशियों को सूचित करने के साथ ही ईवीएम मूविंग की सारी प्रक्रिया पारदर्शी रखने के निर्देश रिटर्निंग ऑफिसर घोसी को दिए। इस दौरान रिटर्निंग ऑफिसर घोसी सुरेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह, सीओ सिटी धनंजय मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 35 ऑटो रिक्शा का काटा चालान

मऊ। सड़कों पर बिना परमिट एवं बिना फिटनेस के चल रहे ऑटो रिक्शा एवं चार पहिया वाहन के चलते आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। जिससे राजस्व की हानी हो रही है। इस क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश पर उप संभागीय परिवहन यात्री कर अधिकारी मऊ अरविंद जैसल ने मोहम्मदाबाद-मऊ मार्ग एवं मोहम्मदाबाद-आजमगढ़ मार्ग तथा बस स्टैंड के पास सुबह से ही चेकिंग शुरू कर दी। चेकिंग के दौरान लगभग 35 ऑटो रिक्शा जिसका फिटनेस फेल था तथा कई गाड़ियों के कागजात भी सही नहीं थे। जिस पर परिवहन कर अधिकारी अरविंद जैसल ने गाड़ियों का चालान कर नोटिस जारी किया। उन्होंने वाहन चालकों को सख्त निर्देश दिया कि गाड़ी का सही समय पर टैक्स जमा करें एवं गाड़ी को चलते समय तभी कागजात लेकर चलें।

## बस व ऑटो की टक्कर में 15 स्कूली छात्र घायल, चार की हालत नाजुक

**केटी न्यूज/मऊ**

कोतवाली थाना क्षेत्र के बलिया मोड़ के पास विजडम स्कूल के ठीक सामने एक प्राइवेट बस ने स्कूली बच्चों से भरी ऑटो को टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद आटो पलट गया। जिसमें15 छात्र सवार थे जिसमें सात छात्रों के घायल होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से। चार छात्र की हालत को गंभीर देख रेफर कर दिया गया।

बताया जाता है कि गुरुवार की दोपहर सेंट्रल एकेडमी स्कूल की छुट्टी होने के बाद सभी बच्चे एक टेंपो में 15 छात्र सवार होकर अपने घर के लिए जा रहे थे। जैसे ही कोतवाली थाना क्षेत्र के बलिया मोड़ के पास विजडम स्कूल के ठीक सामने पहुंचे ही थे कि



एक अनियंत्रित प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी। जिसमें आर्यन मौर्य, आयुष मौर्य, वेदांश त्रिपाठी, अनामिका, अंश कनौजिया, काव्या व रिया गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें आनन फानन में जिला अस्पताल भेजा गया। जिसमें पांच बच्चों की हालत को गंभीर देख चिकित्सकों ने हायर सेंट्रल के लिए रेफर कर दिया। समाजसेवी पूजा राय उस समय घटना स्थल पर ही मौजूद थी। उन्होंने फौरन बचाव और राहत कार्य में जुड़ गई।

## बिजली चोरी को लेकर चलाया सघन अभियान

मऊ। विद्युत विभाग द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाकर लोगों के कनेक्शन को चेक किया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार को करहा में विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शन को चेक किया। चेकिंग के दौरान दो उपभोक्ताओं के मीटर लगाए गए, दो उपभोक्ताओं का विधा परिवर्तन एवं तीन उपभोक्ताओं को सख्त चेतावनी दी गई कि अगर विद्युत बिलों का भुगतान दो दिनों के अंदर आपके द्वारा नहीं किया गया तो आप के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। अचानक छापा अभियान को लेकर उपभोक्ताओं में अफरा-तफरी मची रही। इस दौरान पूछे जाने पर एसडीओ नीरज कुमार ने बताया कि बिना कनेक्शन की अगर कोई भी उपभोक्ता विद्युत का उपयोग करते हुए अथवा विद्युत चोरी करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।







